Gazettes & Debates Section
Parliament Library Building
Room No. FB-025
Block 'G'
Acc. No. 25682
Dated 24.04.2015

PARLIAMENT LIBRARY
DIGITIZED

LOK SABHA

Thursday 16th May, 1957

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair.*]

MEMBER SWORN

Shri Dasaratha Deb (Tripura).

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

हिन्दी तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं में पुस्तकें

*६३. **श्री श्रीनारायण दास** : क्या **शिक्षा तथा वैज्ञानिक गवेषणा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार किसी ऐसी योजना पर विचार कर रही है जिससे लेखकों और प्रकाशकों को हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अच्छी पुस्तकें लिखने एवं प्रकाशित करने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा; और

(ख) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर स्वीकारात्मक हो, तो उस योजना की मुख्य मुख्य बातें क्या हैं ?

शिक्षा मंत्रालय तथा वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) ऐसी दो योजनाए पहले ही से चालू हैं ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । [**देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या २३**]

श्री श्रीनारायण दास : ये जो दो योजनायें रखी गयी हैं ये किसी निर्धारित अवधि के लिए रखी गयी हैं या यह विचार है कि बराबर चालू रखी जायें ?

डा० का० ला० श्रीमाली : आशा तो यही है कि काफी अर्से तक चलेंगी ।

श्री श्रीनारायण दास : ये जो पुस्तकें मांगी जा रही हैं इनका सबसे अच्छा होने का निर्णय सरकारी विभाग द्वारा किया जायेगा या यह निर्णय करने के लिए कोई निर्णायक नियुक्त किये जायेंगे?

डा० का० ला० श्रीमाली : इसकी जांच करने के लिए कमेटियां होती हैं ।

श्री मा० ला० द्विवेदी : मैं जानना चाहता हूं कि जो बुक ट्रस्ट खोला गया है उसके अन्तर्गत भी इस योजना में कुछ काम होगा और होगा तो कितना काम होगा और उसके लिए कितनी रकम मांगी गयी है ।

डा० का० ला० श्रीमाली : ये दोनों सम्बन्धित नहीं हैं । बुक ट्रस्ट अलग चीज है, यह स्कीम दूसरी चीज है ।

Shri Keshava: May I know what is the total amount that has been distributed under these schemes, and what is the amount that has been allotted for the regional language of Kannada?

Dr. K. L. Shrimali: I do not have the break-up, but the following are the amounts we spent on the purchase of books for prizes to neo-literates:

1954-55	..	Rs. 32,383
1955-56	..	Rs. 72,512
1956-57	..	Rs. 55,655
1957-58 (till date)		Rs. 10,815

And the amounts spent on the purchase of books for prizes to children are as follows:

1955-56	..	Rs. 45,000 (approximately)
1956-57	..	Rs. 35,566
1957-58		Nil so far.